दृष्टि The Vision

# एम.पी.पी.सी.एस.
# प्रारंभिक परीक्षा-2019
# सामान्य अध्ययन-I
# (मॉडल पेपर-1)

**समय: 2 घंटे** **अधिकतम अंक: 200**

1. 'कुमारसम्भव' महाकाव्य किस कवि ने लिखा?
   (a) बाणभट्ट (b) चंदबरदाई
   (c) हरिसेन (d) कालिदास
2. हर्ष ने निम्नलिखित में से किन रचनाओं का लेखन किया था?
   1. प्रियदर्शिका 2. नागानंद
   3. हर्षचरित 4. रत्नावली
   नीचे दिये गए कूट का उपयोग कर अपना उत्तर दीजिये:
   (a) 1, 2, 3 और 4 (b) 1, 2 और 4
   (c) 1, 2 और 3 (d) 2 और 3
3. अलाई दरवाज़ा किसका प्रवेश द्वार है?
   (a) कुतुबमीनार (b) जामा मस्जिद
   (c) लालकिला (d) ताजमहल
4. इनमें से कौन गज़नी राजवंश का संस्थापक था?
   (a) अलप्तगीन (b) महमूद
   (c) सुबुक्तगीन (d) इस्माइल
5. 'भारतीय क्रांति' का पिता किसे कहा जाता है?
   (a) दादाभाई नौरोजी (b) गोपाल कृष्ण गोखले
   (c) महात्मा गांधी (d) बाल गंगाधर तिलक
6. लॉर्ड डलहौजी की 'विलय-नीति' का प्रथम शिकार निम्नलिखित में से कौन हुआ था?
   (a) झाँसी (b) सतारा
   (c) करौली (d) संबलपुर
7. भारत में प्रथम रेलवे लाइन किस ब्रिटिश गवर्नर के समय बिछाई गई थी?
   (a) लॉर्ड डलहौजी (b) लॉर्ड कर्जन
   (c) लॉर्ड वेलेजली (d) लॉर्ड लिटन
8. किसने लिखा था, "इस निर्णय से इनकार करना कठिन है कि तथाकथित 1857 का प्रथम राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम न तो प्रथम था, न राष्ट्रीय था और न ही स्वतंत्रता संग्राम था।
   (a) आर.सी. मजूमदार (b) सैयद अहमद
   (c) राबर्ट्स (d) कूपलैंड
9. भारतीय राजनीति का 'ग्रैंड ओल्ड मैन' किसे कहा जाता है?
   (a) बिपिन चंद्र पाल (b) दादाभाई नौरोजी
   (c) सुरेंद्र नाथ बनर्जी (d) रासबिहारी बोस
10. "ब्रिटिश साम्राज्य अंदर तक सड़ चुका है, यह भ्रष्ट, दमनकारी और घटिया है।" यह किसका कथन है?
    (a) एनी बेसेंट (b) डब्ल्यू. डिग्बी
    (c) सिस्टर निवेदिता (d) विलियम वेडरबर्न
11. एक निश्चित आकृति के ताराओं का समूह कहलाता है:
    (a) आकाशगंगा (b) नक्षत्र
    (c) एंड्रोमीडा (d) सौरमंडल
12. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिये:

| **सूची-I (घास के मैदान)** | **सूची-II (देश)** |
|---|---|
| A. पंपास | 1. ऑस्ट्रेलिया |
| B. पुस्टाज | 2. दक्षिण अफ्रीका |
| C. वेल्ड | 3. अर्जेंटीना |
| D. डाउंस | 4. हंगरी |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (b) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (c) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (d) | 4 | 2 | 1 | 3 |

13. बुशमैन जनजाति कहाँ पाई जाती है?
    (a) कालाहारी मरुस्थल (b) कांगो बेसिन
    (c) गोदावरी बेसिन (d) गिब्सन मरुस्थल
14. पृथ्वी द्वारा प्राप्त की जाने वाली ऊर्जा का कुछ हिस्सा परावर्तित किया जाता है, उसे क्या कहा जाता है?
    (a) अर्थ स्केटेरिंग (b) पृथ्वी का विकिरण
    (c) पृथ्वी का एल्बीडो (d) ध्रुवीय पवन
15. अधोलिखित में कौन शीत महासागर धारा नहीं है?
    (a) कनारीज (b) हंबोल्ट
    (c) ओयाशिओ (d) अगुल्हास
16. निम्नलिखित में से किन उत्तर-पूर्वी राज्यों से कर्क रेखा गुज़रती है?
    (a) त्रिपुरा व नागालैंड
    (b) त्रिपुरा व मिज़ोरम
    (c) मेघालय व मिज़ोरम
    (d) असम व त्रिपुरा
17. निम्नलिखित मानकों में से हरिकेन द्वारा क्षति के मापन के लिये किसका उपयोग किया जाता है?
    (a) साफिर-सिंपसन मापक
    (b) मरकेली मापक
    (c) फ्यूजिटा मापक
    (d) रिक्टर मापक

18. पूर्वी तथा पश्चिमी घाट किस स्थान पर मिलते हैं?
    (a) इलायची पहाड़ियाँ (b) अन्नामलाई पहाड़ियाँ
    (c) नीलगिरि पहाड़ियाँ (d) सह्याद्रि पहाड़ियाँ
19. भारत के अधिकांश क्षेत्र में खारे पानी के मगरमच्छ दुर्लभ हैं, परंतु किस क्षेत्र में खारे पानी के मगरमच्छ आम हैं?
    (a) अंडमान व निकोबार द्वीप समूह
    (b) कच्छ का रण
    (c) ओडिशा व सुंदरबन
    (d) ब्रह्मपुत्र नदी
20. निम्नलिखित में से किसे 'यूरोप की तेल राजधानी' कहा जाता है?
    (a) बेलफास्ट (b) एबरडीन
    (c) लीड्स (d) लिवरपुल
21. ब्राज़ील में विशाल कहवा बागानों को कहा जाता है:
    (a) इस्टेट (b) इस्टेंसियाज
    (c) कल्खोजेंस (d) फजेंडा
22. वायु शक्ति (विंड पॉवर) में ऊर्जा का कौन-सा रूप विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित होता है?
    (a) गतिज ऊर्जा (b) स्थितिज ऊर्जा
    (c) सौर ऊर्जा (d) विकिरण ऊर्जा
23. मिट्टी के घड़े में निम्न में से किस क्रिया के कारण जल ठंडा रहता है?
    (a) द्रवण
    (b) वाष्पीकरण
    (c) ऊर्ध्वपातन
    (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
24. ऐरोसॉल का उदाहरण है:
    (a) दूध (b) नदी का जल
    (c) धुआँ (d) रुधिर
25. सूर्य की ऊर्जा का मुख्य कारण है:
    (a) नाभिकीय विखंडन (b) धारा प्रवाह
    (c) ऊष्मा संचरण (d) नाभिकीय संलयन
26. खच्चर किसकी वर्णसंकर संतान होती है?
    (a) नर व मादा गधों की (b) गाय और बैल की
    (c) नर व मादा घोड़ों की (d) घोड़ी और गधे की
27. निम्नलिखित में से कौन-सा वायु प्रदूषक ऑक्सीजन की अपेक्षा अधिक शीघ्रता से रक्त के हीमोग्लोबिन में घुल जाता है?
    (a) पैन (PAN)
    (b) कार्बन डाइऑक्साइड
    (c) कार्बन मोनो ऑक्साइड
    (d) ओज़ोन
28. 'वेल्थ ऑफ नेशंस' के लेखक कौन हैं?
    (a) एडम स्मिथ (b) डेविड रिकार्डो
    (c) जे.एम. कींस (d) गुर्नार मिर्डल
29. भारत में नियोजित अर्थव्यवस्था आधारित है:
    (a) समाजवादी अर्थव्यवस्था पर
    (b) मिश्रित अर्थव्यवस्था पर
    (c) पूंजीवादी अर्थव्यवस्था पर
    (d) गांधीवादी अर्थव्यवस्था पर
30. भारत में सर्वप्रथम राष्ट्रीय आय का किसने आकलन किया था?
    (a) दादाभाई नौरोजी ने
    (b) आर.सी. दत्त ने
    (c) वी.के.आर.वी. राव ने
    (d) डी.आर. गाडगिल ने
31. निम्नलिखित में से किस देश में शून्य आधारित बजट सर्वप्रथम लागू किया गया था?
    (a) संयुक्त राज्य अमेरिका (b) फ्राँस
    (c) भारत (d) जर्मनी
32. नीति आयोग अस्तित्व में कब आया?
    (a) 1 जनवरी, 2014 (b) 1 जून, 2014
    (c) 1 जनवरी, 2015 (d) 1 जून, 2015
33. 'काली क्रांति' संबंधित है:
    (a) मत्स्य उत्पादन
    (b) कोयला उत्पादन
    (c) कच्चा तेल उत्पादन
    (d) सरसों उत्पादन
34. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का मुख्य सुरक्षा कवच है:
    (a) डब्ल्यू.टी.ओ. (b) विश्व बैंक
    (c) आई.एम.एफ. (d) आई.एफ.सी.
35. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के तहत लोकसभा में अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लिये स्थानों का आरक्षण दिया गया है?
    (a) 330 (b) 332
    (c) 222 (d) 345
36. अंडमान व निकोबार द्वीप समूह का न्याय क्षेत्र किस न्यायालय की देख-रेख में आता है?
    (a) पोर्ट ब्लेयर में बंबई हाइकोर्ट की सर्किट बेंच
    (b) पोर्ट ब्लेयर में कलकत्ता हाइकोर्ट की सर्किट बेंच
    (c) पोर्ट ब्लेयर में मद्रास हाइकोर्ट की सर्किट बेंच
    (d) पोर्ट ब्लेयर में सुप्रीम कोर्ट की सर्किट बेंच

37. संथानम समिति की सिफारिश पर निम्नलिखित कार्यालयों में से कौन-सा भारत में स्थापित किया गया था?
(a) केंद्रीय सतर्कता आयोग
(b) केंद्रीय आर्थिक खुफिया ब्यूरो
(c) विदेशी निवेश संवर्द्धन बोर्ड
(d) खादी और ग्रामोद्योग आयोग

38. निम्नलिखित में से किसका उल्लेख संविधान में नहीं है?
(a) वित्त आयोग
(b) लोकसभा सचिवालय
(c) चुनाव आयोग
(d) राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग

39. आर्थिक योजना किस सूची में आती है?
(a) केंद्र सूची (b) समवर्ती सूची
(c) राज्य सूची (d) इनमें से कोई नहीं

40. पारिस्थितिकी टास्क फोर्स का गठन कब हुआ?
(a) 1982 में (b) 1981 में
(c) 1985 में (d) 1980 में

41. ग्रीनवाश इंगित करता है:
(a) पर्यावरण संरक्षण का झूठा वादा
(b) हरियाली हटाना
(c) नदी जल का शुद्धीकरण
(d) इनमें से कोई नहीं

42. पर्यावरण के परिरक्षण एवं संरक्षण हेतु पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम भारत सरकार द्वारा कब पारित किया गया?
(a) 1986 में (b) 1981 में
(c) 1987 में (d) 1978 में

43. नागोया प्रोटोकॉल किससे संबंधित है?
(a) अंतर्राष्ट्रीय वित्त (b) जैव-विविधता
(c) ओज़ोन संरक्षण (d) पर्यावरण प्रदूषण

44. 'नारायण सरोवर अभयारण्य' किसके लिये प्रसिद्ध है?
(a) बाघ (b) हाथी
(c) चिंकारा (d) चीतल

45. 'एग्रीकल्चर शॉट' किस खेल से संबंधित है?
(a) क्रिकेट (b) हॉकी
(c) गोल्फ (d) पोलो

46. 'दि वर्ल्ड बिनीथ हिज फीट' (the world beneath his feat) किसकी जीवनी है?
(a) पुलेला गोपीचंद (b) नवाब पटौदी
(c) राहुल द्रविड़ (d) सचिन तेंदुलकर

47. ओलिंपिक चिह्न में कितने रिंग होते हैं?
(a) 4 (b) 5
(c) 3 (d) 2

48. मध्य प्रदेश के किस ज़िले को 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये पुरस्कृत किया गया?
(a) सीहोर (b) रीवा
(c) होशंगाबाद (d) कटनी

49. निम्नलिखित में से किन दो देशों के मध्य 'शारदा पीठ' कॉरिडोर निर्माण के संबंध में सहमति व्यक्त की गई है?
(a) श्रीलंका-भारत
(b) पाकिस्तान-बांग्लादेश
(c) भारत-पाकिस्तान
(d) म्याँमार-भारत

50. विश्व मौसम दिवस कब मनाया जाता है?
(a) 23 मार्च को (b) 24 मार्च को
(c) 23 अप्रैल को (d) 24 अप्रैल को

51. राष्ट्रीय गणित दिवस कब मनाया जाता है?
(a) 17 दिसंबर को (b) 22 दिसंबर को
(c) 20 दिसंबर को (d) 25 दिसंबर को

52. वॉर ओवर वर्ड्स : सेंसरशिप इन इंडिया, 1930-60 पुस्तक की लेखिका/लेखक कौन हैं?
(a) देविका रानी (b) देविका सेठी
(c) कैलाश पटेल (d) रानी आहूजा

53. 'श्रीदेवी : गर्ल वुमन सुपरस्टार' पुस्तक की लेखिका/लेखक कौन हैं?
(a) देविका रानी (b) सत्यार्थ नायक
(c) कैलाश पटेल (d) रानी आहूजा

54. दिसंबर 2019 में मध्य प्रदेश सरकार ने किसे राष्ट्रीय तानसेन सम्मान, 2019 प्रदान किया?
(a) विद्याधर व्यास (b) नारायणराय व्यास
(c) मंजू मेहता (d) डालचंद शर्मा

55. वैश्विक नवाचार सूचकांक, 2019 में भारत किस स्थान पर है?
(a) 57 (b) 52
(c) 81 (d) 27

56. देश के समुद्र तटों को स्वच्छ बनाने और जनता में तटीय पारिस्थितिक तंत्र के महत्त्व के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिये किस मंत्रालय द्वारा 'स्वच्छ निर्मल तट अभियान' प्रारंभ किया गया है?
(a) पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
(b) नदी जल संसाधन मंत्रालय
(c) पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय
(d) जल शक्ति मंत्रालय

57. 5 जून को मनाए गए विश्व पर्यावरण दिवस, 2019 की मेज़बानी की:
(a) फ्राँस ने (b) अमेरिका ने
(c) चिली ने (d) चीन ने

58. 2019 में देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारतरत्न' किसे/किन्हें दिया गया है?
(a) प्रणब मुखर्जी (b) नानाजी देशमुख
(c) भूपेन हज़ारिका (d) उपरोक्त सभी

59. हाल ही में यूनेस्को ने 2020 के लिये वर्ल्ड कैपिटल ऑफ आर्किटेक्चर किस शहर को घोषित किया?
(a) पेरिस (b) मिस्र
(c) मेलबर्न (d) रियो-डी-जेनेरियो

60. दिसंबर 2019 में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने ब्रिटिश शासन के विरुद्ध हुए पाइका विद्रोह के 200 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में ओडिशा में एक स्मारक की आधारशिला रखी। यह स्मारक किस ज़िले में स्थित बारुनेई पहाड़ी पर निर्मित किया जाएगा?
(a) खुर्दा
(b) कंधमाल
(c) मलकानगिरि
(d) नबरंगपुर

61. मध्य प्रदेश का पड़ोसी राज्य नहीं है:
(a) छत्तीसगढ़ (b) ओडिशा
(c) गुजरात (d) महाराष्ट्र

62. इनमें से किसे मध्य प्रदेश का 'झीलों का शहर' कहा जाता है?
(a) इंदौर (b) जबलपुर
(c) ग्वालियर (d) भोपाल

63. वर्ष 2019 में शांति के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार विजेता अबी अहमद अली (Abiy Ahmed Ali) किस देश के प्रधानमंत्री हैं?
(a) नाइजीरिया (b) इथोपिया
(c) मिस्र (d) लीबिया

64. इंजेटी श्रीनिवास समिति (Injeti Srinivas Committee) संबंधित है:
(a) नई शिक्षा नीति से
(b) किसानों की आय दोगुनी करने से
(c) पुलिस प्रशासन में सुधार से
(d) कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) से

65. ब्रेक्ज़िट (BREXIT) की समय-सीमा हाल ही में बढ़ाकर कर दी गई है:
(a) 31 दिसंबर, 2019
(b) 31 जनवरी, 2020
(c) 31 मार्च, 2020
(d) 30 अप्रैल, 2020

66. भारत के संदर्भ में निम्न में से किस नेता ने 'एक देश में दो विधान, दो निशान और दो प्रधान नहीं चल सकते' का नारा दिया था?
(a) सरदार वल्लभभाई पटेल
(b) श्यामाप्रसाद मुखर्जी
(c) भीमराव अंबेडकर
(d) जवाहरलाल नेहरू

67. टेलीफोन लाइन की सहायता से विश्व भर के कंप्यूटरों के मध्य आँकड़ों (डाटा) का आदान-प्रदान करने के लिये निम्न में से कौन-सा आवश्यक है?
(a) फैक्स (b) मॉडेम
(c) स्कैनर (d) हब

68. कंप्यूटर शब्दकोश में CD अक्षरों का प्रयोग किसके लिये किया जाता है?
(a) कॉम्पैक्ट डिस्क
(b) कॉम्प्रेस्ड डिस्क
(c) कंप्यूटराइज़्ड डिस्क
(d) कॉम्प्रेस्ड डाटा

69. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने 'लुकोस्किन' (Lukoskin) नामक एक औषधि विकसित की है। इसका इस्तेमाल ............... के उपचार में किया जा रहा है।
(a) ल्यूकेमिया (b) ल्यूकोडर्मा
(c) फेफड़ों का कैंसर (d) ल्यूकोरिया

70. भारत में धारणीय विकास के दृष्टिकोण से विद्युत उत्पादन का सबसे अच्छा स्रोत कौन-सा है?
(a) कोयला (b) खनिज तेल एवं गैस
(c) जलविद्युत (d) परमाणु ऊर्जा

71. वर्ष 2013 में आगर मालवा ज़िले का गठन किस ज़िले को विभाजित कर किया गया था?
(a) शाजापुर (b) राजगढ़
(c) उज्जैन (d) देवास

72. मध्य प्रदेश के पश्चिमी मध्य क्षेत्र को _______ भी कहा जाता है।
(a) मध्य भारत का पठार (b) मालवा का पठार
(c) रीवा-पन्ना का पठार (d) नर्मदा-सोन घाटी

73. अशर्फी महल कहाँ स्थित है?
(a) पन्ना (b) जबलपुर
(c) मांडू (d) मंडला

74. मध्य प्रदेश में महामृत्युंजय का मेला कहाँ लगता है?
(a) रीवा (b) उज्जैन
(c) ओंकारेश्वर (d) पंचमढ़ी

75. आल्हा खंड की रचना की है:
(a) घाघ ने (b) जगनिक ने
(c) ईसुरी ने (d) संत सिंगाजी ने

76. गोंड जनजाति के 'दूध लौटावा' प्रथा संबंधित है:
(a) जन्म से (b) मृत्यु से
(c) विवाह से (d) तांत्रिक क्रिया से

77. संजीवनी/दीनदयाल 108 क्या है?
(a) प्रदेश में एंबुलेंस सेवा
(b) प्रदेश में परिवहन सेवा
(c) प्रदेश में पर्यटन सेवा
(d) प्रदेश में शिक्षा सेवा

78. 'टू हेल विद हॉकी' पुस्तक किसके द्वारा लिखी गई है?
(a) मास्टर रजोदिया (b) किशनलाल
(c) असलम खान (d) दाऊद रहमान

79. निम्नलिखित में से कौन कभी भी मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री नहीं रहा?
(a) कैलाश जोशी (b) वीरेंद्र सकलेचा
(c) उमा भारती (d) सुभाष यादव

80. पंचायत दर्पण क्या है?
(a) भ्रष्टाचारी का भंडाफोड़ करने हेतु पंचायतों को दिया गया दर्पण
(b) सभी पंचायतों को शासन द्वारा प्रदत्त बड़े आकार का दर्पण
(c) पंचायती राज योजनाओं की मॉनीटरिंग के लिये निर्मित वेबसाइट
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

81. जनगणना 2011 के अनुसार मध्य प्रदेश में अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या का प्रतिशत क्या है?
(a) 21.1 (b) 24.5
(c) 26.7 (d) 30.0

82. मध्य प्रदेश में लता मंगेशकर पुरस्कार की स्थापना कब हुई थी?
(a) नवंबर 1982 में (b) नवंबर 1983 में
(c) नवंबर 1984 में (d) नवंबर 1985 में

83. निम्नलिखित में से किसे 'ताई' के नाम से जाना जाता है?
(a) विजयाराजे सिंधिया (b) निर्मला बुच
(c) मायावती (d) सुमित्रा महाजन

84. सुर सम्राज्ञी लता मंगेशकर का जन्म मध्य प्रदेश के किस शहर में हुआ था?
(a) इंदौर (b) खंडवा
(c) ग्वालियर (d) उज्जैन

85. मध्य प्रदेश में सी.एम. हेल्पलाइन नंबर है:
(a) 139 (b) 181
(c) 180 (d) इनमें से कोई नहीं।

86. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 की निम्नलिखित में से किस धारा के अंतर्गत 'नियम बनाने की शक्ति' का उपबंध किया गया है?
(a) धारा-10 (क) (b) धारा-12 (ख)
(c) धारा-14 (क) (d) धारा-16 (ख)

87. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 की किस धारा में 'होटल' शब्द को परिभाषित किया गया है?
(a) धारा-2 (क क) (b) धारा-2 (ख)
(c) धारा-2 (घ) (d) धारा-2 (ग)

88. 'लाडली लक्ष्मी योजना' किस मुख्यमंत्री ने आरंभ की?
(a) अर्जुन सिंह
(b) दिग्विजय सिंह
(c) उमा भारती
(d) इनमें से कोई नहीं

89. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 की निम्नलिखित में से किस धारा के अंतर्गत 'कुछ मामलों में न्यायालयों द्वारा उपधारणा' का उपबंध किया गया है?
(a) धारा-12 (b) धारा-10 (क)
(c) धारा-14 (d) धारा-14 (क)

90. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 की निम्नलिखित में से किस धारा के अंतर्गत 'धार्मिक निर्योग्यताएँ लागू करने के लिये दंड' का उपबंध किया गया है?
(a) धारा-3 (b) धारा-15
(c) धारा-4 (d) धारा-14

91. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अंतर्गत किस धारा में 'हाथ से मैला उठाने वाले कर्मी' को परिभाषित किया गया है?
(a) धारा-2(ख) (b) धारा-2(ग)
(c) धारा-2(ख च) (d) धारा-2 (ख छ)

92. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) नियम, 1995 की निम्नलिखित में से किस धारा में 'वार्षिक रिपोर्ट के लिये सामग्री' का उपबंध है?
(a) धारा-22 (b) धारा-20
(c) धारा-18 (d) धारा-16

93. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति, जो अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का सदस्य नहीं है, अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के किसी सदस्य को उसका गृह, ग्राम या निवास का अन्य स्थान छोड़ने के लिये मजबूर करेगा या मजबूर करवाएगा, वह किस अवधि के कारावास से दंडित होगा?

(a) जिसकी अवधि छः माह से कम की नहीं होगी, किंतु जो पाँच वर्ष तक की हो सकेगी और जुर्माने से

(b) जिसकी अवधि छः माह से कम की नहीं होगी और जुर्माने से

(c) जिसकी अवधि एक वर्ष की होगी और जुर्माने से

(d) जिसकी अवधि पाँच वर्ष की होगी और जुर्माने से

94. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) नियम, 1995 में कुल कितनी धाराएँ हैं?

(a) 18 (b) 22

(c) 23 (d) 27

95. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निरोधक) अधिनियम, 1989 के अंतर्गत किस धारा में पीड़ित और साक्षी के अधिकार का प्रावधान है?

(a) 15 (क) (b) 17

(c) 21 (ख) (d) 21 (क)

96. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निरोधक) अधिनियम, 1989 के अंतर्गत दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2) में किसी बात के होते हुए अधिनियम के अधीन किसी मामले का विचारण करने वाला विशेष न्यायालय या अनन्य विशेष न्यायालय पीड़ित, उसके आश्रित, सूचनाकर्त्ता या साक्षियों को निम्नलिखित में से कौन-सी सुविधा प्रदान करेगा?

(a) न्याय प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिये पूर्ण संरक्षण;

(b) अन्वेषण, जाँच और विचारण के दौरान यात्रा तथा भरण-पोषण व्यय;

(c) अन्वेषण, जाँच और विचारण के दौरान सामाजिक-आर्थिक पुनर्वास;

(d) उपर्युक्त सभी।

97. मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम के संबंध में कौन-सा कथन सही है?

(a) यह अधिनियम 23 सितंबर, 1993 को प्रवृत्त हुआ।

(b) यह अधिनियम 28 सितंबर, 1993 को प्रवृत्त हुआ।

(c) यह अधिनियम 23 सितंबर, 1995 को प्रवृत्त हुआ।

(d) यह अधिनियम 28 सितंबर, 1995 को प्रवृत्त हुआ।

98. राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग कब अस्तित्व में आया?

(a) 12 अक्टूबर, 1993 को (b) 5 अक्टूबर, 1983 को

(c) 10 अक्टूबर, 1953 को (d) 7 अक्टूबर, 1985 को

99. राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति में कौन शामिल **नहीं** है?

(a) विधानसभा का अध्यक्ष

(b) मुख्यमंत्री

(c) राज्य का गृह विभाग का प्रभारी मंत्री

(d) प्रधानमंत्री

100. निम्नलिखित अध्याय व उनके प्रावधानों में से असुमेलित को छाँटिये:

(a) अध्याय-3 : आयोग के कृत्य और शक्तियाँ

(b) अध्याय-4 : विविध

(c) अध्याय-5 : राज्य मानव अधिकार आयोग

(d) अध्याय-6 : मानव अधिकार न्यायालय

# उत्तरमाला ( मॉडल पेपर-1 )

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (d) | 26. | (d) | 51. | (b) | 76. | (c) |
| 2. | (b) | 27. | (c) | 52. | (b) | 77. | (a) |
| 3. | (a) | 28. | (a) | 53. | (b) | 78. | (c) |
| 4. | (a) | 29. | (b) | 54. | (a) | 79. | (d) |
| 5. | (d) | 30. | (a) | 55. | (b) | 80. | (c) |
| 6. | (b) | 31. | (a) | 56. | (a) | 81. | (a) |
| 7. | (a) | 32. | (c) | 57. | (d) | 82. | (c) |
| 8. | (a) | 33. | (c) | 58. | (d) | 83. | (d) |
| 9. | (b) | 34. | (a) | 59. | (d) | 84. | (a) |
| 10. | (c) | 35. | (a) | 60. | (a) | 85. | (b) |
| 11. | (b) | 36. | (b) | 61. | (b) | 86. | (d) |
| 12. | (a) | 37. | (a) | 62. | (d) | 87. | (a) |
| 13. | (a) | 38. | (d) | 63. | (b) | 88. | (d) |
| 14. | (c) | 39. | (b) | 64. | (d) | 89. | (a) |
| 15. | (d) | 40. | (a) | 65. | (b) | 90. | (a) |
| 16. | (b) | 41. | (a) | 66. | (b) | 91. | (c) |
| 17. | (a) | 42. | (a) | 67. | (b) | 92. | (c) |
| 18. | (c) | 43. | (b) | 68. | (a) | 93. | (a) |
| 19. | (c) | 44. | (c) | 69. | (b) | 94. | (a) |
| 20. | (b) | 45. | (a) | 70. | (c) | 95. | (a) |
| 21. | (d) | 46. | (a) | 71. | (a) | 96. | (d) |
| 22. | (a) | 47. | (b) | 72. | (b) | 97. | (b) |
| 23. | (b) | 48. | (b) | 73. | (c) | 98. | (a) |
| 24. | (c) | 49. | (c) | 74. | (a) | 99. | (d) |
| 25. | (d) | 50. | (a) | 75. | (b) | 100. | (b) |